## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 6 मार्च को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निजी क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर भर्ती करने के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ एस.ई.सी.एल रोड मैरीन ड्राईव में 6 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में 250 मुख्य क्षेत्राधिकारी, (योग्यता-स्नातक व कम्प्यूटर), 700 क्षेत्रीय कार्यकर्ता ( योग्यता-10वी व 12वी), शैक्षणिक योग्यता वाले आवेदक कैम्प में भाग ले सकते है। सभी आवेदक नियत तिथि एवं समय पर जिला रोजगार कार्यालय रायगढ़ में उपस्थित होकर अपना आवेदन जमा कर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इच्छुक आवेदक अपने (बायोडाटा के साथ) समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्र, अंक सूची, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड तथा निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति व एक-एक छायाप्रति व पासपोर्ट साईज के दो फोटोग्राफ के साथ उपस्थित हो सकते है।

### गठित उड़न दस्ता दल में आंशिक संशोधन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2019 अंतर्गत गठित लोकसभा क्षेत्रवार उडऩ् दस्ता दल में आंशिक संशोधन किया गया है। उडऩ् दस्ता दल में कार्यपालिक दंडाधिकारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की माह मार्च से मई 2019 तक तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। लोकसभा चुनाव 2019 की घोषणा की तिथि से नियुक्त उडऩ् दस्ता दल प्रभावशील रहेगी। विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा में कार्यपालिक दंडाधिकारी में परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार लैलूंगा अरूण कुमार सोम, प्रभारी तहसीलदार लैलूंगा बालचन्द्र सिंह एवं नायब तहसीलदार घरघोड़ा हितेश साहू सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र-16 रायगढ़ में कार्यपालिक दंडाधिकारी में तहसीलदार रायगढ़ सुश्री शिवानी जायसवाल, नायब तहसीलदार रायगढ़ कु. माया अंचल, प्रभारी तहसीलदार पुसौर बंदेराम भगत, विधानसभा क्षेत्र-17 सारंगढ़ में कार्यपालिक दंडाधिकारी में तहसीलदार सारंगढ़ प्रकाश चन्द्र साहू, उप वन क्षेत्रपाल सारंगढ़ अजीत राम सिदार, पदेन नायब तहसीलदार सारंगढ़, विधानसभा क्षेत्र-18 खरसिया में कार्यपालिक दंडाधिकारी में तहसीलदार खरसिया अंवति गुप्ता, पदेन नायब तहसीलदार खरसिया, नायब तहसीलदार खरसिया विवेक कुमार पटेल एवं विधानसभा क्षेत्र-19 धरमजयगढ़ में कार्यपालिक दंडाधिकारी में प्रभारी तहसीलदार रायगढ़ शशांक शेखर शुक्ला, नायब तहसीलदार धरमजयगढ़ उमेश्वर बाज, अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील कापू हेमराज ध्रुव तथा पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल है।

### महाशिव रात्रि की तैयारियां जोरो पर



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी घरघोड़ा के बाजारपारा मैनामुंडा स्थित गौरी शंकर मंदिर में महाशिव रात्रि की तैयारियां जोरो पर है। विदित हो कि इस वर्ष मंदिर की 50वीं जयंती मनाई जा रही है। जिसे बुधराम, धन्नुराम के द्वारा 50 वर्ष पहले बनवाया गया था। इस महाशिव रात्रि के अवसर पर यहां पर भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। सभी भक्तों से निवेदन है कि अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद व भजन का आनंद ले।

# स्वच्छ भारत मिशन की ओर से महिला स्वच्छता पर सम्मेलन का आयोजन







साक्षी/रायगढ़। स्वच्छ भारत मिशन की ओर से महिला स्वच्छता (माहवारी प्रबंधन) विषय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदन संजय त्रिपाठी ने कहा कि माहवारी के दिनों में महिलाएं अच्छे नैपकिन का उपयोग करें।

महिलाओं के स्वंय के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए और अंदरूनी बीमारियों से अपनी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाएं माहवारी के दौरान अच्छे नैपकिन का उपयोग करें हमें अपने व्यवहार एवं सोच में परिवर्तन करने की जरूरत है एवं गांव की सभी महिलाएं कपड़े के बजाए नैपकिन का प्रयोग करें।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 135 ग्राम पंचायतों के लिए वेंडिग मशीन एवं एनश्योवटर मशीन आई है। उन्होंने कहा कि जो भी आंगनबाड़ी यह मशीन लगाने में रूचि लेंगे उन्हें यह मशीन दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि नैपकिन पैकिंग करने पर महिलाओं को आमदनी होगी वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अच्छा कार्य होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के.जाटवर, सुपरवाइजर बीना पुरसेठ, आंगनबाड़ी कार्यकता एवं सहायिका एवं महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

### हायर सेकेण्ड्री हिन्दी एवं अंग्रेजी परीक्षा में 15067 परीक्षार्थी हुए शामिल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा आज हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2019 (कक्षा 12 वीं) के हिन्दी साहित्य एवं अंग्रेजी साहित्य विषय में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 15267 थी। जिनमें 15067 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 200 अनुपस्थित रहे।

### अशासकीय विद्यालयों में आरटीई अंतर्गत छात्रों का प्रवेश प्रारंभ

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के परिवार के बच्चों को जिले के निजी अशासकीय विद्यालयों में ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश सत्र 2019-20 हेतु 30 मार्च 2019 तक के लिए पोर्टल प्रारंभ हो गया है।

बच्चों के अभिभावक नियत तिथि तक जनसेवा केन्द्र इन्टरनेट कैफे या किसी भी सहयोग नागरिक सहयोगी संस्था, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नोडल प्राचार्य के माध्यम से वेबसाईट में http.//eduportal.cg.nic.in/rte ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। इस हेतु 011-395-89101 हेल्प लाइन नंबर (इन्डक्स ऐक्सन) है।

### यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर सर्वदलीय मंच ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** दक्षिण पूर्व रेलवे क बिलासपुर से लेकर झारसुगडा( तक रेल मार्ग में लगातार पैसेंजर ट्रेनों से लेकर अन्य लंबी दूरी गाडियों की लेटलतीफी तथा निरस्त होनें को लेकर आज सर्व दलीय मंच ने रेलवे स्टेशन के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए रेल प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और ट्रेनों की लेटलतीफा तथा पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव पर एक निश्चित समय अवधि यात्रियों को बताने की मांग की।

पैसेंजर ट्रेनों से लेकर अन्य लंबी दूरी गाडियों की लेटलतीफी के रेल यात्रियों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर आज धरना प्रदर्शन में आक्रोशित युवा संकल्प के कार्यकर्ताओं ने रेलवे प्रशासन द्वारा रोजाना यात्रियों को परेशान किए जाने को लेकर भी आडे हाथों लिया। लंबे समय से दक्षिण पूर्व रेलवे के बिलासपुर जोर के अंतर्गत आने वाले एक दर्जन से भी अधिक ट्रेनें जिनमें अधिकतर पैसेंजर गाडिय़ां होती है उसको निरस्त किया जाता रहा है। इतना ही नही लंबी दूरी की गाडिय़ों को भी समय-समय पर पैसेंजर बनाकर एक्सप्रेस ट्रेनों का भाडा वसूला जा रहा था। रेल प्रशासन के इस रवैये से परेशान इन लोगों ने मोर्चा खोलते हुए जल्द ही रेल यातायात सुधारने की मांग की ताकि रोजाना परेशान होनें वाले यात्रियों को इससे निजात मिल सके। युवा संकल्प के प्रमुख कौशल गोस्वामी ने बताया कि अधिकारियों की मनमानी के चलते बीते कई दिनों से पैसेंजर ट्रेनों को बिना जानकारी के रद्द कर दिया जाता है जिससे आम यात्री हलाकान है। जानकारी के अभाव में लगातार यात्री अपने अन्य कामों से बाहर भी नही जा पा रहे हैं ऐसे में उनकी मांग है कि रेल प्रशासन रायगढ़ व बिलासपुर के बीच कोई ट्रेन चलाकर ऐसी व्यवस्था करे जिससे यात्रियों को सुविधा मिले।

### भव्य अल्पना बनाकर महिलाओं ने दिया मतदान जागरूकता का संदेश



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत आज रायगढ़ बोइरदादर स्टेडियम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भव्य अल्पना से स्वीप बनाकर लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान जागरूकता का संदेश दिया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदन संजय त्रिपाठी ने सभी को मतदान करने तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं पोषण अभियान की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्वीप कार्यक्रम में लोकसभा निर्वाचन के लिए विशेष योगदान के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

भव्य एवं खूबसूरत अल्पना में मतदान जागरूकता के लिए संदेश लिखे गए थे एवं इंटरनेशनल एसोसियेशन ऑफ लायन क्लब द्वारा रंगोली बनायी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के.जाटवर, मनोज श्रीवास्तव, सुपरवाइजर बीना पुरसेठ, दीपा सिंह सहित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एवं महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। ... के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। ... इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- ...

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU







**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480